## खास खबरें

### दुकान का ताला तोड़ तीन लैपटॉप सहित नकदी चोरी

**नप्र, भोपालः** एमपी नगर थाना पुलिस ने धारा 331(4), 305ए बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी संजय गुप्ता (63) ने शिकायत में बताया कि जोन-1 स्थित उनकी दुकान का ताला तोड़कर चोर तीन लैपटॉप, डिजिटल मशीन, नकदी और अन्य सामान चोरी कर ले गए। वारदात का पता दुकान खोलने पर चला। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### करोंद से 15 वर्षीय किशोरी लापता

निशातपुरा थाना पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी नरेंद्र सिसोदिया ने शिकायत में बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री करोंद स्थित पूजा कॉलोनी से बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है।

### जैन मंदिर के बाहर से बाइक चोरी

कोहेफिजा थाना पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी अजय तिवारी ने शिकायत में बताया कि उन्होंने मनुआभान टेकरी स्थित जैन मंदिर के बाहर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की थी। दर्शन कर लौटने पर वाहन गायब मिला।

### लापरवाही से कार चलाकर मारी टक्कर

भोपाल। हबीबगंज थाना पुलिस ने धारा 281, 125ए बीएनएस के तहत कार क्रमांक एमपी-13-जेडजी-8938 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मानसून सत्र के उपलक्ष्य में विधानसभा सदस्यों को भुट्टा पार्टी दी।

# डॉ. हेडगेवार ने समानता और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया : मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रभक्ति के साथ समानता का दर्शन दिया था। उन्होंने कहा कि आज देश समान नागरिक संहिता के महत्व को समझ रहा है और समानता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए इस दिशा में पहल की जा रही है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को रवींद्र भवन में संस्कार भारती द्वारा संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित महानाट्य 'युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार' के मंचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. हेडगेवार दूरदर्शी विचारों वाले व्यक्तित्व थे, जिन्होंने स्वतंत्रता से पहले ही राष्ट्रहित में संगठित समाज की आवश्यकता को समझ लिया था। उन्होंने राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ लाखों लोगों को देशसेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की भविष्यवाणी का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहे हैं।




डॉ. यादव ने संस्कार भारती को डॉ. हेडगेवार के जीवन और योगदान को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी हेमंत मुक्तिबोध ने कहा कि डॉ. हेडगेवार का जीवन राष्ट्रनिष्ठा, समर्पण और कर्मयोग का प्रेरक उदाहरण है।

महानाट्य उनके विचारों और जीवन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक पांडे, अभिनेता एवं रंगमंच निर्देशक राजीव वर्मा, पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, संस्कृति संचालक एन.पी. नामदेव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नागपुर की नादब्रह्म संस्था द्वारा प्रस्तुत इस नाटक का निर्देशन सुबोध सुरजीकर ने किया, जबकि इसके लेखक डॉ. अजय प्रधान हैं। संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित इस प्रस्तुति में कलाकारों के अभिनय की मुख्यमंत्री ने सराहना की।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में उठे शहर के अहम मुद्दे




भोपाल। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में शहरवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जनसुनवाई में करीब 128 आवेदक पहुंचे, जिनकी शिकायतें एडीएम, एसडीएम और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने सुनीं। कई मामलों में कलेक्टर ने तत्काल जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में सबसे प्रमुख मामला कोलार के ग्राम बोरदा स्थित चिनार सेवन माइल कॉलोनी का रहा। कॉलोनी के रहवासी उमेश शर्मा ने लगभग 900 परिवारों की ओर से आवेदन प्रस्तुत कर बिल्डर पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए। शिकायत में कहा गया कि वर्ष 2010-11 में विकसित कॉलोनी में विकास शुल्क लेने के बावजूद पिछले 15 वर्षों से सड़क, पेयजल, सीवर लाइन, स्ट्रीट लाइट, पार्क, सुरक्षा व्यवस्था, बाउंड्रीवाल और कचरा प्रबंधन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इससे हजारों रहवासियों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया कि कॉलोनी की ग्रीनलैंड एवं मॉर्गेज भूमि को नियमों के विपरीत बेचने का प्रयास किया जा रहा है। स्वीकृत ले-आउट का उल्लंघन कर सार्वजनिक उपयोग की भूमि का दुरुपयोग किया जा रहा है, जो कॉलोनाइजेशन नियमों का उल्लंघन है। रहवासियों ने ग्रीनलैंड की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाने और पूरे मामले की संयुक्त जांच कराने की मांग की।

### भदभदा रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक की मौत

**भोपाल।** सूखी सेवनिया थाना पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम किया है। रेलवे लाइन पर भदभदा के बीच करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## रोटरी क्लब के तेजवानी अध्यक्ष, सचदेवानी सचिव बने

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** रोटरी क्लब ऑफ न्यू भोपाल ने वर्ष 2026-27 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। रोटेरियन किशोर तेजवानी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष तथा सतीपाल सचदेवानी को मानद सचिव नियुक्त किया गया है।



बता दे रोटेरियन किशोर तेजवानी पिछले 28 वर्षों से रोटरी से जुड़े हुए हैं। इस दौरान उन्होंने क्लब में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सेवा, समर्पण और नेतृत्व की मजबूत पहचान बनाई है। सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंदों की सहायता जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान रहा है। नई कार्यकारिणी में रोटेरियन टिप्सी रावत को संयुक्त सचिव बनाया गया है।

### रेलवे लाइन पर बुजुर्ग की मौत

**नप्र, भोपालः** बागसेवनिया थाना पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम किया है। अनिल गब्बीर (62) की रेलवे लाइन अंडरब्रिज के पास ट्रेन से कटने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की।

## भाजपा कार्यालय में कैबिनेट मंत्री कंषाना ने सुनीं जनसमस्याएं



**नप्र, भोपालः** मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री एदल सिंह कंषाना ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याएं सुनीं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

## आईपीएस स्कूल में चड्डी-बनियान गैंग ने दिया चोरी को अंजाम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बदमाश स्कूल परिसर में घुसे, एक के बाद एक कई कार्यालयों के ताले तोड़े और प्रिंसिपल कार्यालय में रखी दो दिन की फीस के 3 लाख 92 हजार 280 रुपए चोरी कर फरार हो गए।

पूरी वारदात स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार स्कूल के मैनेजर प्रदीप पांडेय (62) निवासी शक्ति नगर ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई की शाम स्कूल बंद कर दिया गया था। 20 जुलाई को सुबह स्कूल खुलने पर स्टाफ ने सूचना दी कि प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और पीए टू प्रिंसिपल के कार्यालयों के दरवाजों के हैंडल और ताले टूटे पड़े हैं।

मौके पर पहुंचकर जांच करने पर पता चला कि अकाउंट सेक्शन, स्टोर, मुख्य गेट और अन्य हिस्सों के ताले भी तोड़े गए थे। इसके बाद प्रिंसिपल ने अपने कार्यालय की जांच की तो ड्रॉअर में रखी 3.92 लाख रुपए की फीस राशि गायब मिली।

**सीसीटीवी में चड्डी-बनियान गैंग की तस्वीरें कैद :** पुलिस ने स्कूल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें तीन बदमाश केवल चड्डी-बनियान पहने और चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए नजर आए। बदमाश बेहद सुनियोजित तरीके से स्कूल में दाखिल हुए, अलग-अलग कमरों के ताले तोड़े और नकदी लेकर फरार हो गए। वारदात के दौरान उनकी पूरी गतिविधि कैमरों में रिकॉर्ड हो गई।

पुलिस का कहना है कि चोरी का तरीका चड्डी-बनियान गैंग और पारदी गिरोह की कार्यप्रणाली से मिलता-जुलता है। इसी एंगल को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।


**मध्यप्रदेश शासन**
**आयुक्त, सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाये म.प्र.भोपाल कार्यालय, भूतल, विंध्याचल भवन, भोपाल-462004, मध्यप्रदेश**

**निविदा संख्या- RCS/09/0026-3**
**दिनांक- 14-07-2026**

आयुक्त, सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाये म.प्र. भोपाल में निविदा दस्तावेज में उल्लिखित शर्तों के अनुसार फोटोकापी कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करता है। चयन सबसे कम वित्तीय प्रस्ताव के आधार पर होगा।
इच्छुक निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आगे की निविदा जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in पर जाएँ। पोर्टल पर निविदा प्रकाशन के 21 दिन बाद तक निविदा जमा करने की अंतिम तिथि होगी।

जी-15959/26
**आयुक्त, सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाये म.प्र. भोपाल**



**M.P. POWER GENERATING CO. LTD.**
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (O&M)
RABS HPS BARGI NAGAR JABALPUR- 482056
E-mail : seoandmbargi@gmail.com Web. : www.mppgenco.nic.in
**NIT for E-tendering system of tender No. 2026_ MPPGC_499963_1**
MPPGCL INVITES E-TENDERS FROM ELIGIBLES BIDDERS THROUGH E-TENDERING FOR "Bi –annual maintenance of Garden of premises of Power House and Rest House for the period of Two (02) years at RABS HPS Barginagar Distt. Jabalpur (M.P.)". Estimated Value of this work is Rs. 49,41,200/- (Rs. Forty Nine Lakh Forty One Thousand Two Hundred Only) including GST. EMD: Rs. 99,000/-. Tender document cost: Rs.1000/-. Detailed NIT & Bidding document are available on GoMP Website: www.mptenders.gov.in MPPGCL reserves the right to accept/reject any/all tenders without assigning any reason thereof. // SAVE ELECTRICITY //
M.P.M./127077/2026 ADDL. CHIEF ENGINEER (O&M)



**कार्यालय : रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वृन्दावन महिला साख सहकारी संस्था मर्यादित,भोपाल**
(पंजीयन क्रमांक/डी. आर.बी. /834, दिनांक 15.10.1999)
क्रमांक/निर्वा.अधि./2026/03
दिनांक : 21.07.2026

**सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मेलन/विशेष साधारण सम्मेलन में सम्पन्न होना है। अतः संस्था की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल, विकासखण्ड फंदा भोपाल को-आपरेटिव सेन्ट्रल बैंक लिमिटेड, शाखा इन्द्रपुरी (एचईटी) पिपलानी, भोपाल के सूचना पटल पर दिनांक 21/07/2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 21/07/2026 से 29/07/2026 तक कार्यालयीन दिवस में मुझे कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल में कार्यालयीन समय में दोपहर 12 से 02 बजे तक सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं तथा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण कार्यालय-उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल में दिनांक 30/07/2026 को दोपहर 12.00 बजे से किया जायेगा। सूचना संस्था के समस्त सदस्यों को स्पीड पोस्ट/साधारण डाक द्वारा पृथक से प्रेषित की गई है।

**(मीरा देवी )**
**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वृन्दावन महिला साखा सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
1025



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग-3 लोक निर्माण विभाग भोपाल दूरभाष 0755 2463894**

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग, उपर्युक्त एन0आई0टी0 के लिए संभावित बोलीदाताओं से ऑनलाईन निविदा सह निलामी आमंत्रित करता है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निम्नलिखित कार्य जहां है जैसा एवं जिस स्थिति में के आधार पर किया जाएगा।

| स.क्र. | निविदा सूचना क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | आफसेट वैल्यू | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 41/व.ले.लि./ दिनांक 16.7.2026 | 2026_CPA_ 521777_1 | विद्युत/यांत्रिकी एच.ओ.डी. उपसंभाग के अधीन विधानसभा एवं विधायक विश्राम गृह परिसर के विभिन्न खण्डों में रखी हुई अनुपयोगी स्क्रेप विद्युत सामग्री को नीलाम किये जाने कार्य। | रू.10,53,700.00 (रू. दस लाख तिरेपन हजार सात सौ मात्र) | रू. 21074.00 | रू. 1000.00 |
| 2. | 42/व.ले.लि./ दिनांक 16.7.2026 | 2026_CPA_ 521778_1 | विधायक विश्राम गृह परिसर के विभिन्न खण्डों में रखी हुई अनुपयोगी हाउस सीपिंग सामग्री को नीलाम किये जाने कार्य। | रू. 87,773.00 (रू. सत्यासी हजार सात सौ तिहत्तर मात्र) | रू. 1759.00 | रू. 1000.00 |

निविदा के विस्तृत दस्तावेज एवं नियम व शर्ते वेबसाईट https://mptenders.gov.in से नि:शुल्क डाउनलोड की जा सकती है। निविदाकार को निविदा शुल्क एवं धरोहर शाशि केवल ई-भुगतान के माध्यम से ऑनलाईन ही जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं विड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक-22.7.2026 सांय 5:30 बजे से 28.7.2026 सांय 5:30 तक निर्धारित है। आनलाईन निलामी की प्रारम्भ तिथि दि-30.7.2026 सुबह 10:30 बजे से एवं अंतिम तिथि दि-31.7.2026 सायं 3:30 बजे तक निर्धारित है। किसी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन का प्रचार प्रसार केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा।
निविदा में प्राप्त सभी बिड / प्रस्ताव को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

**कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र0-3 लोक निर्माण विभाग भोपाल दूरभाष-0755-2463894**
जी-15979/26



**कार्यालय थाना प्रभारी थाना शाहजहाँनाबाद नगरीय पुलिस जिला भोपाल**
क्रमांक थाप्र./शाह.बाद./डी-57/26 दिनाँक 17.07.26

**जाहिर सूचना**

सूचित किया जाता है कि थाना शाहजहाँनाबाद भोपाल के गुम इंसान क्रमांक 57/26 की गुमशुदा वंदना शाक्य पति अजय शाक्य उम्र 20 साल निवासी बसै वार्ड नं.03 तहसील बैरसिया भोपाल एंव उसका बेटा कृष्णा शाक्य उम्र 01 साल की तलाश हेतू जाहिर सूचना का समाचार पत्रो मे प्रकाशन किया जाना है। जिसका हुलिया-रंग-गोरा चेहरा गोल बाल काले कद करीबन 04 फिट 07 इंच बदन सामान्य पहनावा - जामुनी रंग की साडी व लाल रंग का ब्लाउस व पैरो मे क्रीम कलर की सैंडल पहने हैं। अन्य पहचान व किसी प्रकार का गुदना चिन्ह, तिल नहीं है। जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि गुमशुदा के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो तो थाना शाहजहाँनाबान में आकर संपर्क करें अथवा थाना शाहजहाँनाबाद मो.न. 9479990579 को पर तत्काल संपर्क करें



**थाना प्रभारी**
**थाना शहजहाँनाबाद नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)**
जी-15971/26



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति रायसेन जिला-रायसेन (म.प्र.)**
apmcraisen2017@gmail.com, krishimandiraisen@rediffmail.com
क्रमांक/मण्डी/निर्माण/2026-27/370 रायसेन, दिनांक : 21.07.2026

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति रायसेन की **उप मण्डी सलामतपुर के प्रांगण** में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत 30 मे.टन क्षमता (10 मे.टन क्षमता की अतिरिक्त प्लेट सहित) के तौलकांटा की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक **2026_MPSAM_523163_1** के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें **दिनांक 24.07.2026 को समय प्रातः 11:30 बजे से दिनांक 10.08.2026 को शाम 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।
**नोटः-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

**सचिव** कृषि उपज मण्डी समिति रायसेन, जिला रायसेन
**भारसाधक अधिकारी** कृषि उपज मण्डी समिति रायसेन, जिला रायसेन
म.प्र. माध्यम/127081/2026



**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (अभातशिप)**
**(भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)**
**नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070**
**फोन नंबर : 011-29581000**
**वेबसाइट : www.aicte.gov.in**

**अभातशिप छात्रवृत्ति योजनाएँ 2026-27**

अभातशिप द्वारा अनुमोदित संस्थानों/पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत वर्ष 2026-27 में प्रवेश पाए पात्र विद्यार्थियों से शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति के वितरण के लिए दिनांक 01.06.2026 से ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

| क्रं. सं. | योजना का नाम | आवेदन हेतु ऑनलाईन पोर्टल | विद्यार्थी द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | संस्थान द्वारा आवेदन का सत्यापन/जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | अभातशिप प्रगति छात्रवृत्ति योजना (डिग्री और डिप्लोमा) (नई और नवीकृत) | | | |
| 02. | अभातशिप सक्षम छात्रवृत्ति योजना (डिग्री और डिप्लोमा) (नई और नवीकृत) | https://www.scholarships.gov.in | 31.10.2026 | 15.11.2026 |
| 03. | अभातशिप स्वनाथ छात्रवृत्ति योजना (डिग्री और डिप्लोमा) (नई और नवीकृत) | | | |

संबंधित योजनाओं के लिए पात्रता, नियम और शर्तों आदि के बारे में जानकारी हेतु कृपया अभातशिप की वेबसाइट : www.aicte.gov.in देखें।

**विज्ञापन संख्या : अभातशिप/एसएजी/07(03) 2026**
cbc21300/11/0006/2627
**श्यामा रथ**
**सदस्य सचिव, अभातशिप**



**कार्यालयः रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रोग्रेसिव गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित,भोपाल**
(पंजीयन क्रमांक/डी. आर.बी. /731, दिनांक 27.01.1997)
क्रमांक/रजि.अ./2026/02
दिनांक : 21.07.2026

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि, संस्था के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतः संस्था की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था कार्यालय के नोटिस बोर्ड, कार्यालय उप-आयुक्त सहकारिता, भोपाल, विकास खण्ड फंदा, सदगुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, टी.टी. नगर, भोपाल के सूचना पटल पर दिनांक 21/07/2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 21/07/2026 से दिनांक 29/07/2026 तक मुझे कार्यालयीन समय दोपहर 12.00 बजे से 03.00 बजे तक कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, (डी ब्लॉक, पुराना सचिवालय) भोपाल में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता, (डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय), भोपाल में दिनांक 30/07/2026 को दोपहर 12.00 बजे से किया जावेगा। सूचना संस्था के समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा पृथक से प्रेषित की गई है।

**(ईशा सराफ )**
**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वृन्दावन प्रोग्रेसिव गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
1024



**कार्यालय : रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पनाश रेसीडेंट्स रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
(पंजी. क्र. / डी. आर./बी.पी. एल. /127397, दिनांक 17.08.2023)
क्रमांक/निर्वा.अधि./2026/03
दिनांक : 21.07.2026

**सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मेलन/विशेष साधारण सम्मेलन में सम्पन्न होना है। अतः संस्था की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल, विकासखण्ड फंदा पंजाब नेशनल बैंक शाखा रोहित नगर, भोपाल के सूचना पटल पर दिनांक 21/07/2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 21/07/2026 से 29/07/2026 तक कार्यालयीन दिवस में मुझे कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल में कार्यालयीन समय में दोपहर 12 से 02 बजे तक सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं तथा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण कार्यालय- उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल में दिनांक 30/07/2026 को दोपहर 12.00 बजे से किया जायेगा। सूचना संस्था के समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा पृथक से प्रेषित की गई है।

**( ओ.पी. मालवीय)**
**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पनाश रेसीडेंट्स रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
1023



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड, रोज़ ब्लाक, टाईप-सी, प्लेटिनम पार्क, माता मंदिर के पास, टी. टी. नगर, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक-135, आठवा तल मण्डल द्वारा श्रीमती सरिता अग्निहोत्री पत्नी श्री संजीव अग्निहोत्री के नाम पर आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 14/01/2005 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का अर्द्धभाग श्रीमती सरिता अग्निहोत्री द्वारा द्वारा अपनी पुत्री सुश्री रागिता अग्निहोत्री पुत्री श्री संजीव अग्निहोत्री को दान पत्र के माध्यम से दान किया गया जिसके दान पत्र का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 20/12/2022 को पंजीकृत किया गया है। आवेदक सुश्री रागिता अग्निहोत्री द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, आवंटी का अनापत्ति शपथ पत्र, दान पत्र की पंजीकृत छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति में श्रीमती सरिता अग्निहोत्री के साथ सुश्री रागिता अग्निहोत्री का नाम सम्मिलित हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति में नाम संयुक्त करने की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**
1022



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल**

**आम सूचना**

न्यू अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्र. 254 बी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्रीमती राधा देवी पत्नी स्व. श्री धनसिंह के नाम भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 3404-12 दिनांक 21/05/1987 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/06/1987 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्रीमती राधा देवी द्वारा संपत्ति का रजिस्टर्ड वसीयतनामा श्रीमती शांति देवी बिष्ट पत्नी श्री नदंनसिंह बिष्ट के नाम पंजीयन कार्यालय से दिनांक 27/06/2008 को निष्पादित कराया गया है। श्रीमती राधा देवी पत्नी स्व. श्री धनसिंह की दिनांक 09/08/2021 को मृत्यु होने के उपरांत श्रीमती शांति देवी बिष्ट पत्नी श्री नदंनसिंह बिष्ट के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, रजिस्टर्ड वसीयतनामा की छायाप्रति, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्रीमती शांति देवी बिष्ट पत्नी श्री नदंनसिंह बिष्ट के नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल**
1021



**न्यायालय तहसीलदार वृत्त 3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**
प्रकरण कमांक-2243/अ-6/2026-2027
मौजा- झागरिया खुर्द_तहसील हुजूर, भोपाल

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चन्द्र कान्ता माथुर पत्नी श्री संजय प्रकाश माथुर निवासी एच 6/2 न्यू माता मन्दिर 98 क्वाटर्स भोपाल, म.प्र., ने द्वारा म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय दस्तावेज क्रमांक 867/5 दिनांक 25/02/2010 पत्र के आधार पर भूमि खसरा क्रमांक 271/1/1/1 रकबा 2.7543 हे. मे से 0.0557 हे. भूमि ग्राम झागरिया खुर्द प.ह.न.71 तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के संलग्न रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं राजस्व अभिलेखों की नकल प्रस्तुत की गई है। 2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 06.08.2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21.07.2026 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील हुजूर भोपाल**
1020